स्पेशल असेंबली

विशेष प्रार्थना सभा

सेंट मोंटफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में दिनांक 24 जून 2019 को कक्षा आठवी के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं के द्वारा वेलकम असेंबली के रूप में एक समारोह का आयोजन किया गया | इस विशेष असेंबली में अनुशासन , अध्ययन तथा विद्यार्थी जीवन के उपयोगी गुणों का उल्लेख किया गया था |असेंबली का आरम्भ प्रार्थना से हुआ |इसके बाद विद्यार्थी जीवन के प्रत्येक गुण को विभिन्न रंगों के द्वारा दर्शाया गया | सभी छात्र -छात्राएँ ध्यान पूर्वक शिक्षकों की बातों को सुन रहे थे |

असेंबली के पश्चात् नव-चयनित शिक्षिकाओं का परिचय कराया गया | इसी तारतम्य में वाईस -प्रिंसिपल ब्रदर बाला जोसफ , कोऑर्डिनेटर (मिडिल) सिस्टर जेनी जॉर्ज कोआर्डिनेट (प्राइमरी) ,सिस्टर एंजेल मारिया का परिचय करवाया गया|सभी शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों नए शिक्षा सत्र की बधाई देकर उनका स्वागत किया | अंत में संस्था के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन नें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया |